सर्वोच्च प्राथमिकता

प्रेषक,

सचिव,
परीक्षा नियामक प्राधिकारी,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

सेवा में,

समस्त उपशिक्षा निदेशक/प्राचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक : गोप0/डी.एल.एड.(बी0टी0सी0)/ 626-702 /2022-23, दिनांक 26अप्रैल 2022

विषयः— डी0एल0एड0 प्रशिक्षण बैच 2021 प्रथम सेमेस्टर एवं बी0टी0सी0 प्रशिक्षण—2013, 2014, 2015 सेवारत् उर्दू /मृ0आ0, डी0एल0एड0 प्रशिक्षण—2017 एवं 2018 प्रथम सेमेस्टर (अनुत्तीर्ण/अवशेष) की परीक्षा वर्ष 2022 हेतु प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके अभ्यर्थियों के ऑनलाइन आवेदन पत्र पूरित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक डी0एल0एड0 प्रशिक्षण बैच 2021 प्रथम सेमेस्टर एवं बी0टी0सी0 प्रशिक्षण—2013, 2014, 2015 सेवारत् उर्दू /मृ0आ0, डी0एल0एड0 प्रशिक्षण—2017 एवं 2018 प्रथम सेमेस्टर (अनुत्तीर्ण/अवशेष) की परीक्षाएं दिनांक 09.05.2022 से 11.05.2022 तक सम्पादित होगी। परीक्षा में आवेदन पत्र उन अभ्यर्थियों का पूरित कराया जाय जिनका प्रशिक्षण एन0सी0टी0ई0 के मानक के अनुसार पूर्ण हो।

डी0एल0एड0 प्रशिक्षण बैच 2021 प्रथम सेमेस्टर एवं बी0टी0सी0 प्रशिक्षण—2013, 2014, 2015 सेवारत् उर्दू /मृ0आ0, डी0एल0एड0 प्रशिक्षण—2017 एवं 2018 प्रथम सेमेस्टर (अनुत्तीर्ण/अवशेष) की परीक्षा वर्ष 2022 हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं। परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र पूरित कर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को प्रेषित किये जाने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश निम्नवत् हैं —

1. सम्बन्धित प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा डी0एल0एड0 प्रशिक्षण बैच 2021, बी0टी0सी0—2013, 2015 सेवारत् मृतक आश्रित/उर्दू, डी0एल0एड0 2018 प्रथम सेमेस्टर (अवशेष/अनुत्तीर्ण) अभ्यर्थियों की परीक्षा वर्ष 2022 हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र हेतु बेवसाइट http://www.btcexam.in पर पूरित किया जाय।
2. बी0टी0सी0—2014 (अवशेष/अनुत्तीर्ण) प्रथम सेमेस्टर अभ्यर्थियों की परीक्षा वर्ष 2022 हेतु ऑन लाइन आवेदन पत्र हेतु बेवसाइट http://www.entdata.in/login.php पर पूरित किया जाय।
3. डी.एल.एड. प्रशिक्षण—2017 प्रथम सेमेस्टर अभ्यर्थियों की परीक्षा वर्ष 2022 हेतु आनलाइन आवेदन पत्र हेतु बेवसाइट www.updeledexam.in पर पूरित किया जाय।
4. उपरोक्त परीक्षाओं के आवेदन पत्र **दिनांक 27.04.2022 से 01.05.2022** तक पूरित किये जायेंगे तथा उक्त निर्धारित तिथि के उपरान्त किसी भी परिस्थिति में कोई **अतिरिक्त समय** देय नहीं होगा तथा ऑनलाइन माध्यम के अतिरिक्त किसी भी परिस्थिति में ऑफलाइन आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। विगत सेमेस्टर की परीक्षा आवेदन आनलाइन पूरित कराये जाने के उपरोक्त कतिपय प्राचार्य डायट द्वारा आनलाइन आवेदन न पूरित करने वाले संस्थानों के आफलाइन आवेदन अग्रसारित करते हुए अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को प्रेषित किये जाते है। उक्त स्थिति कदापि ठीक नही है। यदि पुनः इस प्रकार की स्थिति प्रकाश में आती है तो तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए दण्डात्मक कार्यवाही हेतु अनुरोध कर दिया जायगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तर दायित्व सम्बन्धित प्राचार्य डायट का व्यक्तिगत होगा।
5. समस्त निजी प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा पूरित किये गये ऑन लाइन आवेदन पत्रों को सम्बन्धित जनपद के प्राचार्य डायट द्वारा वेबसाइट के माध्यम से डायट की लॉगिन पर जाकर **दिनांक 27.04.2022 से 02.05. 2022** तक प्रमाणित करते हुए स्वीकृति प्रदान किये जाने के उपरान्त ही मान्य/स्वीकार किया जायेगा। प्राचार्य डायट द्वारा अस्वीकार किये गये आवेदन पत्र किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं होंगे।
6. सम्बन्धित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट/निजी दोनों संस्थानों के प्रशिक्षुओं के ऑनलाइन आवेदन पत्र पूरित करने हेतु उक्त वेबसाइट के डायट लॉगिन पर क्लिक करेंगे, दोपरान्त स्क्रीन पर दिये गये डायट का नाम तथा पासवर्ड (PASSWORD) को अंकित करते हुए ऑनलाइन आवेदन पत्र पूरित किये जायेंगे।
7. समस्त डायट एवं निजी बी0टी0सी0 संस्थान उक्त वेबसाइट के जनपद/विद्यालय लागिन पर क्लिक करेंगे तदोपरान्त स्क्रीन पर दिये गये usertype (DIET/PVT COLLEGE LOGIN) तथा पासवर्ड (PASSWORD) को अंकित करते हुये ऑनलाइन आवेदन पत्र को पूरित करेंगे। ऑनलाइन आवेदन अंग्रेजी वर्णमाला के कैपिटल लेटर में ही पूरित किया जायेगा। इस हेतु कालेज का पासवर्ड पूर्व में डी.एल.एड. (बी0टी0सी0) के पूरित किये गये आवेदन पत्र के अनुसार ही होगा।

8. समस्त निजी बी0टी0सी0 प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा पूरित किये गये ऑनलाइन आवेदन पत्रों को सम्बन्धित जनपद के प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा वेबसाइट के माध्यम से डायट की लागिन पर जाकर प्रमाणित करते हुये स्वीकृति प्रदान किये जाने के उपरान्त ही मान्य/स्वीकार किया जायेगा। प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा अस्वीकार किये गये आवेदन पत्र किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं होंगे।

9. समस्त संस्थानों द्वारा परीक्षा शुल्क **(डी0एल0एड0 प्रशिक्षण बैच 2021 को छोडकर)** सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद के खाता सं0 519701010028014 IFSC CODE- UBIN 0551970 (UNION BANK OF INDIA, LIC COLONY, 147-A/58 JAWAHAR LAL NEHRU ROAD, NEAR TAGORE TOWN, COLONELGANJ SCHOOL, ALLAHABAD) पर जमा कराया जायेगा। प्रशिक्षणार्थियों के परीक्षा शुल्क रू0 400.00 (चार सौ मात्र) प्रति प्रशिक्षणार्थी की दर से देय है। परीक्षा आवेदन शुल्क जमा करने के उपरान्त बैंक की मूल रसीद एवं नामावली सूची **दिनांक 04.05.2022** तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराये जायेंगे।

10. **महत्वपूर्ण—डी0एल0एड0 प्रशिक्षण बैच 2021 के परीक्षा शुल्क निर्धारित वेबसाइट http://www.btcexam.in पर ऑनलाइन जमा किये जाने की व्यवस्था की गयी है। जिसके सम्बन्ध में परीक्षा आवेदन पूरित करते हुए ऑनलाइन परीक्षा शुल्क 400.00 (चार सौ मात्र) प्रति प्रशिक्षणार्थी की दर से जमा किये जाने हेतु निर्धारित प्रक्रिया पत्र के साथ संलग्न है। (संलग्न)**

11. **ऑनलाइन परीक्षा शुल्क की व्यवस्था मात्र डी0एल0एड0 प्रशिक्षण बैच 2021 हेतु की गयी है, अतः अन्य प्रशिक्षण बैचों के परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा शुल्क, बिन्दु—09 में निर्धारित पूर्व व्यवस्था के अनुसार ही जमा किया जायेगा।**

12. **ऑनलाइन परीक्षा शुल्क जमा किये जाने की व्यवस्था डी0एल0एड0 प्रशिक्षण बैच 2021 से प्रथम बार प्रारम्भ की जा रही है, अतः परीक्षा आवेदन पूरित करने व परीक्षा शुल्क जमा किये जाने में पूर्ण सावधानी बरती जाय।**

13. ऑनलाइन आवेदन में किये जाने वाली प्रविष्टियों को भली—भॉति जॉच व मिलान करने के उपरान्त ही आवेदन को सेव **(Save)** करते हुए सुरक्षित करें, इसमें किसी भी त्रुटि के लिए प्राचार्य डायट/सम्बन्धित संस्था ही उत्तरदायी होगी।

14. प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि सम्बन्धित निजी डी0एल0एड0 (बी.टी.सी.) संस्थानों को उपरोक्त निर्देश से अवगत कराना सुनिश्चित करें।

उक्त दिये गये निर्देशों के अनुसार निर्धारित समयावधि के भीतर डी0एल0एड0 प्रशिक्षण बैच 2021 प्रथम सेमेस्टर एवं बी0टी0सी0 प्रशिक्षण—2013, 2014, 2015 सेवारत् उर्दू /मृ0आ0, डी0एल0एड0 प्रशिक्षण—2017 एवं 2018 प्रथम सेमेस्टर (अनुत्तीर्ण/अवशेष) की परीक्षा वर्ष 2022 हेतु ऑनलाइन आवेदन पूरित करते हुए परीक्षा शुल्क की मूल रसीद **(डी0एल0एड0 प्रशिक्षण बैच 2021 को छोडकर)** एवं नामावली समस्त प्रशिक्षण बैचों की दिनांक 04.05.2022 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्त निर्धारित तिथि में कार्यवाही नहीं किये जाने पर अथवा परीक्षा में सम्मिलित होने से कोई प्रशिक्षणार्थी वंचित रहता है तो सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

भवदीय

26.4.2022

सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

पृ0सं0/गोप0/डी.एल.एड.(बी0टी0सी0)/ 626-702 **/2022—23, तद्दिनांक।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2. समस्त प्राचार्य/प्रबन्धक निजी बी0टी0सी0/डी0एल0एड0 प्रशिक्षण संस्थान उत्तर प्रदेश को इस आशय से प्रेषित है कि सम्बन्धित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से सम्पर्क कर अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र आनलाइन दिनांक 27.04.2022 से 01.05.2022 तक पूरित कराना सुनिश्चित करें।

26.4.2022

सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

HOW TO COMPLETE REGISTRATION FORM IN

D.EL.ED 2021

1. Open URL WWW.BTCEXAM.IN
2. Select Session D.EL.ED 2021, Choose School Login and Login with your corresponding School with D.EL.ED 2018 Password, then below MENU bar will be show:-

3. After Login, Choose Option "Registered Student" Tab, then below screen will be shown-:

SEMESTER 01 | SEMESTER 02 | SEMESTER 03 | SEMESTER 04

SEMESTER 01 SUMMARY

SR	DETAILS	COUNT	ACTION LINK	OTHER LINK
01	Submit Student Details	184	Click here to Submit Form	Click Here To Cancel Form
02	Fee Payment	0	Click here to Make Payment	Click Here To Print Fee Receipt
03	School Not Approved Student	1	For Approve Click Here	
04	School Approved Student	0	For Disapprove Click Here	
05	School Dis-Approved Student	0	For Approve Click Here	
06	Diet Not Approved/Dis-Approved Student	0	For View Click Here	
07	Diet Approved Student	0	For Print/Download Click Here	
08	Diet & School Approved Student	0	Print Approved Student Check List	

4. From Serial No. 1 School will submit all Student Registration Form.
5. From Serial No. 2 School will pay the Fees.
6. Rest all Serial no used for Student Approval and Dis-Approval and Print Corresponding Reports.
7. From "UPLOAD PHOTO" Option Student Photo will be upload.
8. From "UPLOAD SIGN" Option Student Sign will be upload.
9. For MINORITY School below MENU will be shown.



From "Add New Student " , New Student form Will Be added.

HOW TO COMPLETE REGISTRATION FORM IN

D.EL.ED 2021

1. Open URL WWW.BTCEXAM.IN
2. Select Session D.EL.ED 2021, Choose School Login and Login with your corresponding School with D.EL.ED 2018 Password, then below MENU bar will be show:-

Home | Registered Student | Upload Photo | Upload Sign | School

3. After Login, Choose Option "Registered Student" Tab, then below screen will be shown-:

SEMESTER 01 | SEMESTER 02 | SEMESTER 03 | SEMESTER 04

- SEMESTER 01 SUMMARY-

SR	DETAILS	COUNT	ACTION LINK	OTHER LINK
01	Submit Student Details	184	Click here to Submit Form	Click Here To Cancel Form
02	Fee Payment	0	Click here to Make Payment	Click Here To Print Fee Receipt
03	School Not Approved Student	1	For Approve Click Here	
04	School Approved Student	0	For Disapprove Click Here	
05	School Dis-Approved Student	0	For Approve Click Here	
06	Diet Not Approved/Dis-Approved Student	0	For View Click Here	
07	Diet Approved Student	0	For Print/Download Click Here	
08	Diet & School Approved Student	0	Print Approved Student Check List	

4. From Serial No. 1 School will submit all Student Registration Form.
5. From Serial No. 2 School will pay the Fees.
6. Rest all Serial no used for Student Approval and Dis-Approval and Print Corresponding Reports.
7. From "UPLOAD PHOTO" Option Student Photo will be upload.
8. From "UPLOAD SIGN" Option Student Sign will be upload.
9. For MINORITY School below MENU will be shown.

Home | Add New Student | Registered Student | Upload Photo | Upload Sign | School

From "Add New Student " , New Student form Will Be added.